मैं कैसे दर्शन पाऊं तेरा शेर खड़ा रस्ते में

मैं कैसे दर्शन पाऊं,
तेरा शेर खड़ा रस्ते में…

हम बड़ी दूर से आए,
जल भर भर लोटा लाये,
मैया चरण मैं कैसे धुलाऊँ,
तेरा शेर खड़ा रस्ते में,
मैं कैसे दर्शन पाऊं,
तेरा शेर खड़ा रस्ते में.....

हम बड़ी दूर से आए,
और दीया बाती लाए,
मैया ज्योत मैं कैसे जलाऊँ,
तेरा शेर खड़ा रस्ते में,
मैं कैसे दर्शन पाऊं,
तेरा शेर खड़ा रस्ते में…

हम बड़ी दूर से आए,
चंदन और रोली लाए,
मैया तिलक मैं कैसे लगाऊँ,
तेरा शेर खड़ा रस्ते में,
मैं कैसे दर्शन पाऊं,
तेरा शेर खड़ा रस्ते में…..

हम बड़ी दूर से आए,
लहंगा और चुनरी लाए,
मैया चुनर मैं कैसे ओढाऊँ,
तेरा शेर खड़ा रस्ते में,
मैं कैसे दर्शन पाऊं,
तेरा शेर खड़ा रस्ते में……

हम बड़ी दूर से आए,
हलवा और पूरी लाए,
मैया भोग मैं कैसे लगाऊँ,
तेरा शेर खड़ा रस्ते में,
मैं कैसे दर्शन पाऊं,
तेरा शेर खड़ा रस्ते में…..

हम बड़ी दूर से आए,
ढोलक और चिमटा लाए,
हम बड़ी दूर से आए,
भगतो को संग में लाए,

मैया भजन मैं कैसे सुनाऊँ,
तेरा शेर खड़ा रस्ते में,
मैं कैसे दर्शन पाऊं,
तेरा शेर खड़ा रस्ते में....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/29068/title/main-kaise-darshan-paau-tera-sher-khda-raste-me

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |